## पाठ 8
# दशहरा

**आइए सीखें:-** • सत्य, न्याय, त्याग एवं परोपकार जैसे नैतिक मूल्य • प्रश्नवाचक, संदेहवाचक वाक्य की पहचान, संयुक्ताक्षर • अनुस्वार • संज्ञा से विशेषण।

मैदान के चारों ओर रंग-बिरंगी झण्डियाँ बँधी थीं। दर्शकों की भीड़ लगी थी। बीच मैदान में घुड़सवार दौड़-दौड़कर अपनी घुड़सवारी की कला का प्रदर्शन कर रहे थे। अखाड़ों के ढोल-ढमाकों के साथ लड़के करतब दिखा रहे थे। कोई भाले से तो कोई तलवार से वार करने की कला दिखा रहा था। कोई आग के गोले में से निकलकर अपने साहस का प्रदर्शन कर रहा था। मलखम्भ पर चढ़कर सन्तुलन और बाजीगरी के करिश्मे दिखाने का काम चल रहा था। सूर्यास्त होने लगा था। धीरे-धीरे सब दशहरे के मैदान से उठकर घरों की ओर चल पड़े। रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन हो चुका था। दशहरा देखकर बच्चे बहुत खुश हुए। दीपा, दिनेश और अनुश्री अपने पिता रघुनाथ के साथ चल पड़े। दशहरे के मेले से खरीदे हुए गुब्बारे दीपा के हाथ में, मुकुट दिनेश के सिर पर और धनुष-बाण अनुश्री के हाथ में थे।

बातें करते-करते सभी घर आ गए और आकर टी.वी. के सामने बैठ गए। दिनेश, दीपा को अलग करते हुए पिताजी के पास पहुँचा और बोला-'पिताजी! क्या दशहरा सभी स्थानों पर इसी प्रकार मनाया जाता है?'


रघुनन्दन ने बताया - "दशहरा पूरे देश में उत्साह पूर्वक मनाया जाता है, इसे विजयादशमी भी कहते हैं।"

तभी अनुश्री ने टी.वी. प्रारम्भ कर दिया। टी.वी पर विभिन्न स्थानों पर दशहरा मनाए जाने के दृश्य दिखाए जा रहे थे। रघुनन्दन बोले- देखो! यह है मैसूर का दशहरा। कर्नाटक प्रान्त के मैसूर में दशहरा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। ये देखो हाथी पर महाराजा की सवारी कितने ठाठ-बाट से निकल रही है। आकाश में यह रंगीन आतिशबाजी कितनी खूबसूरत लग रही है। पूरा शहर रोशनी की जगमगाहट से नहाया हुआ लग रहा था। सभी बच्चे उत्सुकता वश टी.वी. के पर्दे की ओर देख रहे थे, तभी दृश्य बदला। गुजरात के दशहरे का दृश्य आया जिसमें रंग-बिरंगे परिधान पहनकर 'गरबा' नृत्य किया जा रहा था। रावण आदि के

**शिक्षण संकेत:-** • शिक्षक बच्चों से विभिन्न त्यौहारों की चर्चा करें। • टी.वी. की उपयोगिता को आधुनिकता के संदर्भ में जोड़कर उसकी शैक्षिक उपयोगिता पर छात्रों का ध्यान आकर्षित करें • पटाखों के दुरुपयोग पर छात्रों का ध्यान आकर्षित करें।

पुतले भी दिखाई दे रहे थे। अचानक हरे-भरे पहाड़ी क्षेत्र को देखकर दीपा ने पूछा-''यह कौन सा स्थान है?''

रघुनाथ ने बताया -''यह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू का दशहरा है। पारम्परिक परिधानों से सजे लोकनृत्य कितने अच्छे लग रहे हैं। यहाँ के मनोरम दृश्य और अधिक आकर्षण पैदा कर रहे हैं।''



क्रमशः महाराष्ट्र, कोटा (राजस्थान) और जबलपुर (म.प्र.) के दशहरे के दर्शनीय दृश्य भी टी.वी. पर दिखाए गए। रावण, मेघनाद के पुतलों का दहन देखकर अनुश्री बीच में बोल पड़ी-''ये रावण और मेघनाद कौन थे? इनके पुतलों का दहन क्यों किया जाता है?''

रघुनन्दन ने कहा -''इन्हीं से जुड़ी है दशहरा मनाए जाने की कथा। सुनो! राजा दशरथ के चार पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र थे श्रीराम। गुरु वशिष्ठ से शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने मंगल कार्यों और यज्ञों में विघ्न पहुँचाने वाले राक्षसों का वध किया। महर्षि के आश्रम में इस धरती को निशाचरों से मुक्त करने का प्रण

श्रीराम ने विजयादशमी के दिन ही लिया था और संयोग से जिस दिन घमण्डी अत्याचारी रावण का अन्त हुआ उस दिन भी विजयादशमी ही थी।''

दीपा ने उत्सुकता वश पूछा-''राम ने रावण को क्यों मारा?''

रघुनन्दन ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा-''पिता की आज्ञा का पालन करते हुए श्रीराम, लक्ष्मण और सीता वनवास गए। वनवास में सीता को अकेला पाकर, रावण कपटपूर्वक सीता का हरण कर लंका ले गया। रावण एक शक्तिशाली और विद्वान राजा था, उसकी सेना बहुत बड़ी और हथियारों से सुसज्जित थी किन्तु वह अधर्मी और अत्याचारी था। इसलिए श्रीराम ने सुग्रीव और वानरों की सहायता से सेना बनाई और उचित मार्गदर्शन, रणनीति और पराक्रम से लंका पर आक्रमण कर दिया। अन्त में घमण्डी और अन्यायी रावण का अन्त हो गया। पूरे युद्ध में श्रीराम ने धर्म, नीति की मर्यादा को नही लाँघा इसीलिए उन्हें मर्यादापुरूषोत्तम भी कहा जाता है। युद्ध के बाद श्रीराम सीता को वापस ले आए। इस युद्ध में रावण का भाई कुम्भकर्ण और पुत्र मेघनाद भी रावण का साथ देने के कारण मारे गए। आज भी हर वर्ष दशहरे पर इनके पुतले जलाए जाते हैं, ताकि लोग अत्याचार और अधर्म के रास्ते पर चलने से डरें। बहुत पहले इन राक्षसों के प्रतिरूप मिट्टी से बनाए जाते थे फिर उन पर प्रहार कर नष्ट किया जाता था।''

अनुश्री ने पूछा-'विजयादशमी पर शक्ति की पूजा क्यों की जाती है?'

रघुनन्दन ने कहा-''इसी पुण्यतिथि पर माँ भगवती ने महिषासुर के आसुरी आतंक को समाप्त कर उसे नष्ट कर दिया था। एक अन्य कथा के आधार पर माँ जगदम्बा ने अपनी शक्तियों के साथ नवरात्रि के नौ दिनों तक शुम्भ-निशुम्भ राक्षस और आसुरी सेना से युद्ध किया। युद्ध में विजय क्वार मास शुक्लपक्ष की दशमी को प्राप्त हुई थी। इसी लिए शक्ति की पूजा के साथ दशहरा मनाया जाता है।''

दिनेश अचानक बीच में बोला-''तब तो हमारे जीवन में दशहरे का महत्व और बढ़ जाता है।''

रघुनन्दन ने बताया- ''हाँ क्यों नहीं, आज के सन्दर्भ में दशहरे का महत्व और भी बढ़ जाता है। इन कथाओं से समस्याओं और अत्याचार से लड़ने की प्रेरणा भी मिलती है। हमारे क्रान्तिकारियों ने तो इस महान पर्व से प्रेरणा लेकर परतन्त्रता के राक्षस को समाप्त करने की ठानी थी। क्रान्तिकारी वीर रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने कहा था कि विजयादशमी साहस और संकल्प का महापर्व है परन्तु इस ऊर्जा का प्रयोग जातिवाद, आतंकवादियों और देशद्रोहियों को नष्ट करने में होना चाहिए न कि अपनों के प्रति।''

हमारा सही रूप में विजयादशमी मनाना तभी सार्थक होगा जब हम दुष्प्रवृत्तियों और स्वार्थ के बढ़ते रावण को जला सकेंगे।

इतने में माँ भोजन लेकर आ गई थी। सब ने मिलकर भोजन किया। नई-नई रोचक कथाएँ सुनकर सभी प्रसन्न थे। सभी ने दशहरे के मेले से लाए खिलौने माँ को दिखाए।




**बोध प्रश्नः-**

**1. निम्नांकित शब्दों के अर्थ पुस्तक में दिए शब्दकोश से खोजकर लिखिए -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अखाड़ा-** | ................... | **परिधान-** | ............ |
| **देशद्रोही-** | .................. | **धूमधाम-** | ............ |
| **प्रदर्शन-** | ................. | **गरबानृत्य-** | ............ |
| **मलखम्भ-** | ............ | **संकल्प-** | .................... |
| **दहन-** | ............. | **दशहरा-** | .................... |

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) दशहरे का मेला देखने कौन-कौन गए?

(ख) किन-किन स्थानों का दशहरा दर्शनीय होता है?

(ग) श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहते हैं?

(घ) विजयादशमी क्यों मनाई जाती है?

(ङ) माँ जगदम्बे ने किन-किन राक्षसों का वध किया?

(च) मैसूर के दशहरे का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए?

(छ) क्रान्तिकारी रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने दशहरे के महत्व के बारे में क्या कहा है?

**3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(क) दशहरे को ही..........................भी कहते हैं।

(ख) गुजरात में रंग-बिरंगे परिधान पहनकर................नृत्य होता है।

(ग) माँ भगवती ने.........................नामक असुर का वध किया।

(घ) रावण के पुत्र का नाम.............................था।

(ङ) सीता का हरण.........................के राजा रावण ने किया था।

## भाषा अध्ययन

**1. नीचे दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्सूकता | ................ | पहाडी | ................ | छेत्र | ................ |
| राबन | ................ | दसहरा | .............. | करनाटक | ................ |

**2. निम्नलिखित शब्दों में से जो शब्द संयुक्ताक्षर से नहीं बना है, उसे अलग करिए-**

परिधान, प्रारम्भ, उत्साह, पहाड़ी, क्षेत्र।

**3. निम्नांकित वाक्यों को कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार बदलिए ?**

- दशहरा सभी स्थानों पर इसी प्रकार मनाया जाता है। (प्रश्नवाचक)
- रावण एक शक्तिशाली और विद्वान राजा था। (संदेहवाचक)

**4. नीचे दिय गए शब्दों में से अनुस्वार वाले शब्द छाँटकर अलग लिखिए-**

बँधी, संयोग, आतंक, समास, लंका।

**आइए जानें:**-शब्दों के अर्थ की सहज जानकारी के लिए शब्दों की पहचान करना आवश्यक है। छात्रों में प्रारम्भ से ही ऐसी क्षमता का विकास आवश्यक हो जाता है। इस दृष्टि से इस पाठ में अभ्यास के लिए कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं, ताकि अन्तर की जानकारी हो सकें।

| | | संज्ञा शब्द | | विशेषण शब्द |
|---|---|---|---|---|
| 1) | 'ई' प्रत्यय लगाकर- | गुण | - | गुणी |
| | | लोभ | - | लोभी |
| 2) | 'ईय' प्रत्यय लगाकर- | भारत | - | भारतीय |
| | | राष्ट्र | - | राष्ट्रीय |
| 3) | 'इक' प्रत्यय लगाकर- | वर्ष | - | वार्षिक |
| | | नगर | - | नागरिक |
| 4) | कुछ अन्य शब्द- | कृपा | - | कृपालु |
| | | बुद्धि | - | बुद्धिमान |
| | | इच्छा | - | इच्छुक |
| | | अनुभव | - | अनुभवी |

## 5. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाइए

| संज्ञा शब्द | विशेषण शब्द |
|---|---|
| घमण्ड, | ........................... |
| भार, | ........................... |
| अत्याचार | ........................... |
| गुलाब | ........................... |
| अन्याय | ........................... |
| धन | ........................... |
| बनारस | ........................... |
| विदेश | ........................... |

## योग्यता विस्तार

1. दशहरे के बारे में और अधिक जानकारी एकत्रित कीजिए।
2. इसी प्रकार दीपावली से सम्बन्धित पारम्परिक कथाओं को एकत्रित कीजिए और उन्हें अपनी कक्षा में सुनाइए।
3. रामचरित मानस से राम के चरित्र के बारे में और जानकारी एकत्रित कीजिए।
4. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के बारे में पुस्तकालय से जानकारी एकत्रित कीजिए।
5. आपके यहाँ दशहरा कैसे मनाया जाता है, लिखिए।

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

# विविध प्रश्नावली

**प्रश्न 1 निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए:-**

क) त्यागी तरुओं के जीवन से
हम भी तो कुछ जीना सीखें।

ख) हम मेहनत के दीप जलाकर
नया उजाला करना सीखें।

ग) चंदन को उदय बना डालूँ तो रक्त प्यास बुझ सकती है।

**प्रश्न 2 निम्नलिखित कथन किसने किससे कहे, तालिका में लिखिए?**

| किसने कहा | कथन | किससे कहा |
|---|---|---|
| | मेरा बहादुर चिमटा आग आँधी में, तूफान में बराबर डटा रहेगा। | |
| | इसमें रखा अक्ल का फल भी तभी प्रभावशाली साबित होगा, जब इस बर्तन को कोई नुकसान न पहुँचे। | |
| | ''तुम लोग समझदार मालूम होते हो, मेरा नाम गजनन्दन है उसका मतलब है हाथी का बच्चा।'' | |

**प्रश्न 3 (क) रिक्त पंक्तियों की पूर्ति कीजिए:-**

(अ) पथिकों को जलती दुपहर में
................................ ।

(ब) बादल में बिजली कौंध गई,
................................. ।

**(ख) शब्द के सही रूप द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(अ) रमजान के पूरे तीस................के बाद ईद आयी है। (रोज/रोजों)

(ब) सूर्य से हमें ...............प्राप्त होती है। (रोशनी/रोशनियाँ)

(स) इसमें रखा गया बुद्धि का फल तभी ............साबित होगा। (प्रभाव/प्रभावों)

**प्रश्न 4 सही उत्तर चुनकर लिखिए:-**

(क) हवा से हमें क्या प्राप्त होता?

अ) भूख आ) जीवन ई) प्यास

(ख) ईश्वरचन्द्र के पिता का नाम क्या था?

अ) ठाकुरदास आ) जीवनदास इ) उदयसिंह

(ग) हामिद ने मेले से क्या खरीदा?

अ) वकील आ) भिश्ती इ) चिमटा

(घ) बादशाह अकबर ने घड़े में क्या देखा?

अ) तरबुज आ) कद्दु इ) बैंगन

**प्रश्न 5 (अ) दिए गए शब्द समूह में से विलोम शब्दों की जोड़ी छाँटिए और लिखिए:-**

हित, धरती, विश्वास, जागना, महल, अविश्वास, सोना, पृथ्वी, अंबर, उठना, भलाई, अहित, झोपड़ा, उन्नति, धनवान, प्रगति, अवनति, निर्धन, बुराई ।

**(ब) निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:-**

तरु, फूल, पर्वत, सूरज, अंबर, धरती।

**प्रश्न 6 (अ) निम्नलिखित तद्भव शब्दों की तत्सम रूप से सही जोड़ी बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| आग | – | दण्ड |
| फूल | – | पत्र |
| डण्डा | – | अग्नि |
| घर | – | पुष्प |
| पत्ता | – | गृह |

**(ब) निम्नलिखित में से देशज एवं विदेशी (आगत) शब्दों को छाँटिए -**

माटी, साइकिल, बस, पाथर, स्कूल, पेन, आखर, आलस।

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) ईश्वरचन्द्र के नाम के साथ 'विद्यासागर' कैसे जुड़ा?

(ख) उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनसे विद्यासागर की दयालुता का पता चलता है।

(ग) बीरबल ने अक्ल का घड़ा कैसे तैयार किया?

(घ) 'हम भी सीखें' पाठ से प्रकृति के किन उत्पादनों का पता लगता है?

(ङ) हामिद के चिमटे को देखकर दादी ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?

(च) गजनन्दन जी को देखकर सब लोग हँसने क्यों लगते थे?

(छ) पन्ना धाय का नाम स्वामिभक्ति के लिए क्यों प्रसिद्ध है?

(ज) दशहरा कब मनाया जाता है ? इसका क्या महत्व है?

**प्रश्न 8 (क) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए-**

1) बीरबल की चुतराई 2) दशहरा

**(ब) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य लिखिए-**

पर लगना, सिर मुंडाते ओले पड़ना, बिजली कौंधना, गद्‌गद होना।

**प्रश्न 9 (क) 'प्रगति' शब्द गति में प्र उपसर्ग जुड़ा है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों में 'उपसर्ग' व मूल शब्द अलग-अलग तालिका में लिखिए- निर्धन, पराजय, परिश्रम, अभिशाप।**

शब्द - उपसर्ग + मूल शब्द

प्रगति - प्र + गति

**(ब) 'ता' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए-**

सज्जन, दयालु, मानव, महान।

**(स) 'त्व' प्रत्यय से बनने वाले दो शब्द लिखिए-**

**प्रश्न10 (क) निम्नलिखित वाक्यांशों में से विशेषण और विशेष्य छाँटिए:-**

| | वाक्यांश | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | दुबला पतला लड़का | दुबला-पतला | लड़का |
| 2. | खुशबूदार फूल थे | - | - |
| 3. | प्यासी मिट्टी को पानी दो - | - | |
| 4. | बालक अनपढ़ था। | - | - |

**(ख) पढ़िए और समझिए -**

एक बार मोहन इन्दौर गया। उसके साथ श्याम नहीं गया था। मोहन ने वहाँ क्या देखा? यह श्याम ने जानना चाहा तो मोहन ने कहा- अरे! तुमने अभी तक इन्दौर नहीं देखा। मैं चाहता हूँ अगली बार तुम भी मेरे साथ चलो।

उपरोक्त अनुच्छेद में से निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर लिखिए:-

1. प्रश्नवाचक वाक्य
2. निषेध वाचक वाक्य
3. विस्मय बोधक वाक्य

**प्रश्न 11(अ) रेखांकित शब्दों का वचन बदलकर फिर से लिखिए-**

1. पेड़ की छाया शीतल होती है।- ..................
2. राम खेत में पानी देता है।- ..................
3. अनपढ़ को पढ़ने दो।- ..................
4. बालक जाता है।- ..................

(ब) विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए-

1. कैसे रंग बिरंगे फूल खिले हैं
2. देखो तालाब कितना सुन्दर है

(स) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

"स्वामी विवेकानन्द के बचपन का नाम नरेन्द्र था। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ। इनके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त तथा माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था। उनके गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस थे। उन्होंने शिकागो में विश्वधर्म सम्मेलन में भाग लिया था जिसमें दिए गए व्याख्यान की सर्वत्र प्रशंसा हुई थी।"

अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

ब) स्वामी विवेकानंन्द का जन्म कब हुआ था?

स) स्वामी विवेकानन्द के गुरु का नाम बताइए?

द) विश्व धर्म सम्मेलन कहाँ हुआ था?

12. चित्र देखकर पाँच वाक्य लिखिए?



**नोटः**- शिक्षक मौखिक परीक्षा को भी सम्मिलित करें।